**Nai Dunia (Indore), 14th September 2021, Page-5**

नईदुनिया
इंदौर, मंगलवार 14 सितंबर, 2021



# आइआइटी के पैकेज में हर वर्ष बढ़ोतरी

## आठ वर्ष में औसत पैकेज 9.36 लाख से बढ़कर 22 लाख रुपये पहुंचा

इंदौर (नईदुनिया प्रतिनिधि)। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) इंदौर में प्लेसमेंट प्रक्रिया शुरू हो गई है। आने वाले दिनों में माइक्रोसाफ्ट, आइबीएम, ओरेकल और इंटेल भी प्लेसमेंट के लिए संस्थान में आएंगी। आइआइटी के विद्यार्थियों के पैकेज में भी इस बार बढ़ोतरी हो सकती है। महामारी के बावजूद 2019-20 में औसत पैकेज करीब 22 लाख रुपये रहा था। पिछले वर्षों के रिकार्ड देखें तो संस्थान का औसत पैकेज हर वर्ष दो से तीन लाख रुपये बढ़ रहा है। आइआइटी इंदौर के कार्यवाहक निदेशक प्रो. नीलेश कुमार जैन का कहना है कि हर वर्ष 90 फीसद से ज्यादा विद्यार्थियों को नौकरी मिल रही है। करीब 300 विद्यार्थियों को आइटी के अलावा फाइनेंस, शिक्षा, बिजनेस डेवलपमेंट, एचआर और मार्केटिंग क्षेत्रों में भी विद्यार्थी जा रहे हैं।

### बड़ी कंपनियों में आइआइटी इंदौर

32 फीसद विद्यार्थी माइक्रोसाफ्ट में
25 फीसद अमेजन में
15 फीसद गूगल में
15 फीसद आइबीएम

(संस्थान के निदेशक का कहना है कि कुछ दिन पहले टीसीएस और इंफोसिस के अधिकारियों से भी चर्चा हुई है। अगर कंपनियों को विद्यार्थियों की जरूरत होगी तो इसमें भी हम मदद करने के लिए तैयार हैं।)

**इन वर्षों में इतना रहा औसत पैकेज**

| | |
|---|---|
| 2012-13 | 9.36 लाख |
| 2013-14 | 9.13 लाख |
| 2014-15 | 11 लाख |
| 2015-16 | 11 लाख |
| 2016-17 | 13.65 लाख |
| 2017-18 | 16.06 लाख |
| 2018-19 | 18.87 लाख |
| 2019-2020 | 22.92 लाख |

### आइआइएम इंदौर शीर्ष 100 बिजनेस स्कूलों में

**इंदौर।** एनआइआरएफ (राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क) और क्यूएस रैंकिंग के बाद दुनियाभर के बिजनेस स्कूलों की जारी होने वाली फाइनेंशियल टाइम्स (एफटी) रैंकिंग में भी आइआइएम इंदौर ने बढ़त पाई है। उसने शीर्ष 100 संस्थानों में जगह बनाई है। भारत के मैनेजमेंट संस्थानों में आइआइएम इंदौर चौथे स्थान का संस्थान बन गया है। एफटी रैंकिंग के पीछे विद्यार्थियों का बेहतर करियर, विविधता, अंतरराष्ट्रीय अनुभव और अनुसंधान, नामांकित प्रतिभागियों की संख्या, कंपनी इंटर्नशिप, औसत पाठ्यक्रम का समय और अन्य बातों को ध्यान में रखा गया है।